ont>

Title: Need to desilt the irrigation canals in Parbhani Constituency, Maharashtra.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परभनी) : अध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र परभनी में जायकवाड़ी टैंक, माजलगांव कैनाल आदि सिंचाई के कई बड़े और मीडियम स्रोत हैं। लेकिन इस इरीगेशन् के स्रोत कैनाल नेटवर्क में कई वर्षों से गाद (सिल्ट) भरी हुई है। जिसके कारण पूरा कैनाल नेटवर्क खराब हो गया है और जिसके कारण पानी नहरों के माध्यम से फसलों तक नहीं पहुंच पा रहा है। 50 से 60 फीसदी पानी वेस्ट जा रहा है। मैं कई बार इस मामले को लेकर महाराट्र सरकार के पास गया तथा संबंधित मंत्री को इस बारे में बताया। लेकिन महाराट्र सरकार की स्थिति अभी अति खराब है, जिसके कारण महाराट्र सरकार अभी कुछ नहीं कर पा रही है। मेरी आपके माध्यम से प्रार्थना है कि कैनाल नेटवर्क में जो गाद भरी हुई है...

अध्यक्ष महोदय : यह स्टेट मैटर है, इसमें महाराट्र सरकार को काम करना है, तब भी मैंने यह मामला यहां उठाने की इजाजत दी है।

श्री सुरेश रामराव जाधव : सर, मैं महाराट्र सरकार के पास बहुत बार जा चुका हूं। मेरी आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार से प्रार्थना है कि केन्द्र सरकार कैनाल नेटवर्क से गाद निकालने तथा उनकी मरम्मत हेतु एक विशो योजना बनाये तथा आर्थिक मदद करे।